100 Years 1920-2020
University of Lucknow | Centennial Celebrations
लखनऊ विश्वविद्यालय | शताब्दी उत्सव

डॉ. विनोद कुमार सिंह
कुल सचिव
**Dr. Vinod Kumar Singh**
Registrar

**लखनऊ विश्वविद्यालय**
लखनऊ–226007 (उ.प्र.) भारत
**University of Lucknow**
Lucknow-226007 (U.P.) India

Ref. No. PJ-1065-700

Date 04/06/2022

सेवा में,

अति आवश्यक

समस्त प्रधान अन्वेषक,
सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस तथा रिसर्च एण्ड डेवलपमेन्ट
लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।

महोदय/महोदया

आप अवगत ही हैं कि आपको शासन द्वारा सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस तथा रिसर्च एण्ड डेवलपमेन्ट योजना के अन्तर्गत शोध परियोजनायें स्वीकृत हुई हैं। उक्त परियोजनाओं को पूर्ण करने तथा अवमुक्त धनराशि के सद्पयोग करने में विगत वर्षों में विषम परिस्थितियों के कारण धनराशि का सद्पयोग नहीं हो पाया तथा कई परियोजनाओं में वांछित शोध आउटकम प्राप्त नहीं हो सके। आपके अनुरोध पर शासन द्वारा उक्त परियोजनाओं को पूर्ण करने हेतु तथा धनराशि के सद्पयोग करने हेतु शासन के पत्र संख्याः 872/सत्तर–4–2022 एवं 984/सत्तर–4–2022 दिनांक 27 मई, 2022 द्वारा समय सीमा 31 मार्च, 2023 तक विस्तारित कर दी गयी है जिसकी सूचना आपको संसूचित की जा चुकी है। उक्त परियोजनाओं के निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत पूर्ण करने हेतु निम्नानुसार कार्यवाही किया जाना अति आवश्यक है:–

1. समस्त परियोजनाओं में जहां पर मैन पावर इत्यादि को योजित करने/अनुमति प्राप्त करने की आवश्यकता है, ऐसे प्रकरण में प्रस्ताव प्रस्तुत कर 30 जून, 2022 तक अनुमति प्राप्त करके योजित करने का कष्ट करें।
2. जहां पर उपकरण/सामग्री/केमिकल इत्यादि क्रय किया जाना है वहां पर सक्षम स्तर से अनुमति प्राप्त कर वित्तीय नियमानुसार जेम इत्यादि से क्रय की प्रक्रिया दिनांक 30 जून, 2022 तक पूर्ण करने का कष्ट करें।

**उपरोक्तानुसार अनुरोध है कि कृपया व्यक्तिगत ध्यान देते हुये प्राथमिकता के आधार पर समस्त कार्यवाही दिनांक 30 जून, 2022 तक पूर्ण करने का कष्ट करें जिससे कि उक्त योजना के अन्तर्गत अवमुक्त की गयी धनराशि का ससमय सद्पयोग होकर वांछित शोध आउटकम प्राप्त हो सके।**

भवदीय,

(डॉ0 विनोद कुमार सिंह)
कुलसचिव

संख्याः दिनांकः

**प्रतिलिपिः** निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
2. समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष/निदेशक/प्रभारी/इंचार्ज/समन्वयक, ल0वि0वि0।
3. वित्त अधिकारी/अधिष्ठाता, शोध, ल0वि0वि0।
4. प्रभारी, यू0डी0आर0सी0/कम्प्यूटर सेन्टर, ल0वि0वि0 को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त समस्त को सूचित करने का कष्ट करें।

कुलसचिव